आपके श्री चरणों में उमर कट जाए सारी

आपके श्री चरणों में उमर कट जाए सारी,
जिधर भी देखु दिखे युगल छवि श्याम तुम्हारी,
आपके श्री चरणों में उमर कट जाए सारी....

श्याम तुम स्वामी मेरे स्वामिनी राधे रानी,
युगल चरणों को निहारत कटे मेरी ज़िंदगानी,
मैं तो बस चाकर तेरा चाकरी लगे प्यारी,
जिधर भी देखु दिखे युगल छवि श्याम तुम्हारी,
आपके श्री चरणों में उमर कट जाए सारी....

पाँव में बांधे घुंघरू हाथ करताल लिया है,
नयन में छवि बसा कर तुम्हे ही याद किया है,
नाचूं कीर्तन में तेरे चाचे न्यून मीरा प्यारी,
जिधर भी देखु दिखे युगल छवि श्याम तुम्हारी,
आपके श्री चरणों में उमर कट जाए सारी.....

बताओ कब मिलोगे हमसे ऐ गिरवरधारी,
हम तेरे दर्श दीवाने दरश दे दो गिरधारी,
बिता देंगे हम जीवन लेके एक आस तिहारी,
जिधर भी देखु दिखे युगल छवि श्याम तुम्हारी,
आपके श्री चरणों में उमर कट जाए सारी.....

दूर अब तुमसे रहना नहीं मंज़ूर है हमको,
पास तुम्हे आना पड़ेगा सुनो ऐ प्यारे तुमको,
सभी दिलदार दिलों पर लगी बस छाप तुम्हारी,
जिधर भी देखु दिखे युगल छवि श्याम तुम्हारी,
आपके श्री चरणों में उमर कट जाए सारी.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26207/title/aapke-shree-charno-me-umar-kat-jaye-sari

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |